पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी



सुरेन्द्र सिंह चौधरी

1. भारत में वन महोत्सव प्रति वर्ष कब मनाया जाता है?
2. सर्वप्रथम पारिस्थितिकी शब्द का प्रयोग किसने किया था?
3. विश्व वन्य जीव सप्ताह प्रति वर्ष कब मनाया जाता है?
4. पारिस्थितिकी तंत्र शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम किस वैज्ञानिक ने किया था?
5. अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति एवं प्राकृतिक संसाधन संगठन का कार्यालय कहां पर स्थित है?
6. पारिस्थितिकी तंत्र में गिद्ध, बाज, शेर, चीता आदि कौनसे उपभोक्ता कहलाते हैं?
7. सर्दियों में साइबेरियन सारस भारत के किस राष्ट्रीय उद्यान में प्रवास करने हेतु आते हैं?
8. ऑकल वुड फॉसिल पार्क किस अभयारण्य में स्थित है?
9. राष्ट्रीय पर्यावरण संरक्षण अधिनियम कब लागू हुआ था?
10. मलेरिया के मच्छरों के लार्वों को खाने वाली मछली का नाम क्या है?
11. ओजोन की सान्द्रता मापने की इकाई क्या है?
12. उत्तर भारत का प्रथम सर्प उद्यान किस स्थान पर स्थापित किया गया है?
13. भूमिगत जल के अत्यधिक दोहन वाले क्षेत्रों को कौनसा जोन कहा जाता है?
14. देश के प्रथम मरू वानस्पतिक उद्यान का क्या नाम है?
15. विश्व वानिकी दिवस प्रति वर्ष किस तिथि को मनाया जाता है?
16. ब्राजील में उष्णकटिबंधीय घास के मैदानों को किस नाम से जाना जाता है?
17. भारत में प्रथम जीव मण्डल निचय अर्थात् बायोस्फीयर रिजर्व का क्या नाम है?
18. साइबेरिया में घास के मैदानों को क्या कहते हैं?
19. केन्द्रीय जल प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की स्थापना कब हुई?
20. गुजरात का कौनसा वन्य जीव अभयारण्य एशियाई शेरों के लिए प्रसिद्ध है?
21. दक्षिण अमेरिका के शीतोष्ण कटिबंधीय घास मैदानों का क्या नाम है?
22. 'अमृता देवी' ने खेजड़ी वृक्षों को बचाने के लिए किस स्थान पर अपना बलिदान दिया था?
23. ऑस्ट्रेलिया के शीतोष्ण कटिबंधीय घास के मैदान क्या कहलाते हैं?
24. भारत में वन्य जीव प्राणी संरक्षण अधिनियम कब बना?
25. अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति एवं प्राकृतिक संसाधन संरक्षण संगठन की स्थापना किस सन् में हुई?
26. संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम का मुख्यालय कहां पर है?
27. जवाहर सागर बांध किस नदी पर स्थित है?
28. जापान में मिनीमाटा रोग किस तत्व के प्रदूषण से फैला?
29. राष्ट्रीय पक्षी दिवस कब मनाया जाता है?
30. भूकम्प का अध्ययन विज्ञान की किस शाखा के अन्तर्गत करते हैं?
31. हिरोशिमा पर गिराए गए परमाणु बम का नाम क्या था?
32. काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में है?
33. चिपको आंदोलन के प्रणेता कौन हैं?
34. केन्द्रीय ऊंट अनुसंधान संस्थान कहां पर है?
35. राजस्थान की मरू गंगा किसे कहते हैं?
36. चिपको आन्दोलन किस वर्ष प्रारम्भ हुआ?
37. भूकम्प की तीव्रता का पैमाना क्या कहलाता है?
38. पेरियार राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में स्थित है?
39. केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र शोध संस्थान किस नगर में स्थित है?
40. इन्दिरा गांधी नहर किस बैराज से निकाली गई है?
41. अन्तर्राष्ट्रीय पर्यावरण सूचना केन्द्र कहां स्थित है?
42. सुनामी किस भाषा का शब्द है?
43. चर्नोबिल दुर्घटना किस वर्ष हुई?
44. सुन्दर वन राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में है?
45. अप्पिको आन्दोलन किस राज्य में चलाया गया?
46. ओजोन कवच को प्रभावित करने वाली प्रमुख गैस कौनसी है?

47. केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान किस स्थान पर है?
48. रेडियोएक्टिव विकिरणों के सर्वोत्तम अवशोषक तत्व का क्या नाम है?
49. चिपको आन्दोलन किस जिले से प्रारम्भ हुआ?
50. जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में है?
51. विश्व वन्य दिवस कब मनाया जाता है?
52. राइज़ोबियम एवं एनाबीना किस प्रकार के उर्वरक कहलाते हैं?
53. विश्व पर्यावरण दिवस किस दिन मनाया जाता है?
54. गोबर गैस में सर्वाधिक मात्रा में कौनसी गैस होती है?
55. अप्पिको का शाब्दिक अर्थ क्या है?
56. विश्व ओजोन दिवस कब मनाया जाता है?
57. रसोई गैस में गंध किस गैस के कारण आती है?
58. विश्व पृथ्वी दिवस किस दिन मनाया जाता है?
59. ताजमहल की सुन्दरता मुख्यतः किस गैस के कारण कम हो रही है?
60. भारत में 'बाघ परियोजना' किस वर्ष प्रारम्भ हुई?
61. क्लोरोफ्लोरोकार्बन में ओजोन परत को नष्ट करने वाला तत्व कौनसा है?
62. भूतापन के लिए उत्तरदायी प्रमुख गैस कौनसी है?
63. भूकम्प के कन्द्र से ठीक ऊपर धरातल पर स्थित बिन्दु को क्या कहते हैं?
64. केंचुओं की सहायता से प्राप्त होने वाली खाद का नाम क्या है?
65. राष्ट्रीय वन नीति किस वर्ष लागू हुई?
66. वन्य जीव/प्राणियों को प्राकृतिक रूप में विचरण करते देखना क्या कहलाता है?
67. सबसे विनाशकारी प्रदूषण कौनसा है?
68. पृथ्वी पर उपस्थित उस पदार्थ का नाम बताइये जो ठोस, द्रव व गैस में मौजूद रहता है?
69. किस भारतीय वैज्ञानिक ने कहा कि पौधों में जान या जीवन होता है?
70. चिपको आन्दोलन का मूल उद्देश्य क्या था?
71. वनों एवं वन्य प्राणियों की रक्षा से संबंधित धारा संविधान के किस अनुच्छेद में है?
72. सरिस्का व रणथम्भौर में बाघ गायब होने की जांच रिपोर्ट समिति का अध्यक्ष कौन था?
73. अधिक वाष्पीकरण तथा कम वर्षा वाले क्षेत्रों में उगने वाली वनस्पति को क्या कहते हैं?
74. थल सेना के जवान पर्यावरण सुधार करने में लगे हुए हैं? इस सेना के जवानों को किस नाम (बल) से जाना जाता है?
75. राष्ट्रीय वन संरक्षण अधिनियम कब लागू हुआ?
76. वाटर मैन ऑफ इण्डिया/झोले वाला बाबा, जिसे जल संरक्षण हेतु रोमन मैग्सेसे पुरस्कार मिला, उसका क्या नाम है?
77. शुष्क क्षेत्र में बहुतायत से कौनसा पौधा मिलता है?

78. हिन्दू रीति-रिवाजों के अनुसार वर-वधु के शरीर के ऊपर शादी से पहले किस खाद्य पदार्थ का लेप किया जाता है जो जीवाणु, और विषाणु नाशक है?
79. जिन वनों में निश्चित अवधि व नियमों के अनुसार लकड़ी काटी जाती है उन्हें किस वर्ग में सम्मिलित करते हैं?
80. विश्व वन्य जीव कोष की स्थापना किस वर्ष में की गई?
81. पराबैंगनी किरणों को कौनसी परत अवशोषित करती है?
82. प्रदूषित पानी पीने से शरीर का कौनसा तंत्र सबसे अधिक प्रभावित होता है?
83. देश में किस संस्था द्वारा पर्यावरण शिक्षा को अनिवार्य रूप से लागू किया गया?
84. सूर्य से निकलने वाली किस विद्युत चुम्बकीय किरण से त्वचा कैंसर होता है?
85. अप्पिको आन्दोलन की शुरूआत कब हुई?
86. कितनी ध्वनि की तीव्रता पर मानव की मृत्यु हो जाती है?
87. गर्म जल स्रोतों का कोनसा तत्व औषधीय महत्व का है?
88. सीसा युक्त पेट्रोल से मानव शरीर का कौनसा अंग अधिक प्रभावित होता है?
89. कौनसे वृक्ष का पुष्प मरुस्थल की शोभा बढ़ाता है?
90. सी.एस.आई.आर.-राष्ट्रीय समुद्र विज्ञान संस्थान कहां स्थित है?
91. अप्पिको आन्दोलन के प्रेणता कौन हैं?
92. भारत में वन महोत्सव के जनक कौन हैं?
93. जैवविविधता शब्द का सबसे पहले प्रयोग किसने किया था?
94. अम्लीय वर्षा के लिए कौनसी गैसें जिम्मेदार हैं?
95. देश में जैविक विविधता के संरक्षण और निरन्तर प्रयोग के उद्देश्य से 'राष्ट्रीय जैविक विविधता नीति एवं कार्य रणनीति कब जारी की गई?
96. हाथी परियोजना की शुरुआत देश में कब हुई?
97. इन्दिरा गांधी पर्यावरण पुरस्कार कब स्थापित किया गया?
98. सी.एस.आई.आर.-राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (नीरी) कहां हैं?
99. देश की नदियों के संरक्षण हेतु कौनसी योजना शुरू की गई है?
100. मेधा पाटकर किस नदी के आन्दोलन से जुड़ी हुई हैं?

उत्तर : **विज्ञान क्विज़ : पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी**

•1. जुलाई के प्रथम सप्ताह में; •2. हैकल/हीकल; •3 अक्तूबर के प्रथम सप्ताह में; •4 ए.जी. टैन्सले; •5 मोरजेस (स्विट्ज़रलैण्ड); •6. तृतीयक; •7. केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान, भरतपुर (राजस्थान); •8. राष्ट्रीय मरू उद्यान, जैसलमेर (राजस्थान); •9. 1986 में; •10. गैम्बूशिया; •11. डॉबसन; •12. कोटा (राजस्थान); •13. डार्क जोन; •14. माचिया सफारी पार्क, जोधपुर (राजस्थान); •15. 21 मार्च; •16. कम्पाज/कम्पोज; •17. नील गिरि; •18. स्टैप्स/स्टैपी; •19. 1974 में; •20. गिर वन; •21. पम्पास; •22. खेजड़ली (जोधपुर - राजस्थान) ; •23. डाउन्स; •24. 1972 में; •25. 1968; •26. नैरोबी; •27. चम्बल; •28. मर्करी/पारा; •29. 12 नवम्बर; •30. सिस्मोलॉजी; •31. लिटिल बॉय; •32. असम; •33. सुन्दर लाल बहुगुणा; •34. बीकानेर (राजस्थान); •35. इंदिरा गांधी नहर; •36. 1973 में; •37. रिक्टर/रिक्टर स्केल; •38. केरल; •39. जोधपुर (राजस्थान); •40. हरिके बैराज; • 41. न्यूयार्क; •42. जापानी; •43. 1986; •44. पश्चिम बंगाल; •45. कर्नाटक; •46. क्लोरोफ्लोरोकार्बन; •47. अंविकानगर, टोंक (राजस्थान); •48. सीसा/लेड; •49. चमोली जिला (उत्तराखण्ड); •50. उत्तराखण्ड/उत्तरांचल; •51. 21 मार्च; •52. जैव उर्वरक; •53. 5 जून; •54. मिथेन; •55. चिपको; •56. 16 सितम्बर; •57. मरकेप्टन गैस; •58. 22 अप्रैल; •59. सल्फर डाईऑक्साइड; •60. सन् 1973 में; •61. क्लोरीन; •62. कार्बन डाइऑक्साइड; •63. अधिकेन्द्र/एपीसेन्टर; •64. वर्मीकम्पोस्ट; •65. सन् 1952 में; •66. इको पर्यटन; •67. विकिरण प्रदूषण; •68. पानी; •69. जे.सी. बोस; •70. वृक्षों को काटने से बचाना; •71. 48ए; •72. सुनीता नारायण; •73. मरूद्भिद वनस्पति; •74. इकोलॉजिकल टास्क फोर्स; •75. 1980 में; •76. राजेन्द्र सिंह; •77. खेजड़ी; •78. हल्दी; •79. आरक्षित वन; •80. सन् 1961 में; •81. ओजोन परत; •82. पाचन तंत्र; •83. सर्वोच्च न्यायालय; •84. पराबैंगनी किरण; •85. अगस्त, 1983 में; •86. 180 डेसीबल; •87. गंधक; •88. फेफड़ा; •89. रोहिड़ा; •90. पणजी (गोवा); •91. पाण्डुरंग हेगडे; •92. के. एम. मुंशी; •93 अमरीकी कीट वैज्ञानिक ई. ओ. विल्सन (1986); •94. सल्फर डाइऑक्साइड एवं नाइट्रोजन डाइऑक्साइड; •95. 6 जनवरी, 2000; •96. सन् 1991 से; •97. 1987; •98. नागपुर; •99. गारलैण्ड रीवर योजना; •100. नर्मदा बचाओ आन्दोलन।

संपर्क सूत्र : **डा. सुरेन्द्र सिंह चौधरी, भैरव राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, भीण्डर, जि. - उदयपुर-313603 (राज.)**